**Regarding alleged cases of law and order in Hazaribagh**

श्री मनीष जायसवाल (हज़ारीबाग) **:** धन्यवाद मैडम । दिनांक 11 फरवरी, 2025 को इस सदन में मैंने झारखंड में बहुसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के बारे में विषय रखा था । मैंने सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया था कि सरस्वती पूजा में पथराव हो रहा है, शिवरात्रि पर पथराव हो रहा है और यज्ञ की कलश यात्रा पर पथराव हो रहा है । कल रात को रामनवमी के अवसर पर मंगला का जुलूस निकाला जा रहा था और हजारीबाग के झंडा चौक पर, जो कि हजारीबाग के सदर थाना से लगभग एक सौ मीटर से ज्यादा की दूरी पर नहीं है, फिर से एक समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव किया । इस पथराव में दस पुलिस वाले इंजर्ड हुए हैं । इसमें एक डीसीपी लेवल का अधिकारी और एडिशनल कलेक्टर लेवल का अधिकारी भी है । मैडम, झारखंड की सरकार ने अभी तक जम्मू-कश्मीर की सरकार से पत्थरबाजों को कैसे कंट्रोल किया जाए, यह नहीं सीखा है । उन्होंने यूपी सरकार से भी इन पत्थरबाजों को कैसे कंट्रोल किया जाए और बुलडोजर का उपयोग कैसे किया जाता है, यह भी उन्होंने नहीं सीखा है । मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं, चूंकि यह राज्य सरकार तुष्टिकरण कर रही है । यह अत्याचार तो हो ही रहा है, इसके अलावा डीजे पर भी प्रतिबंध है कि यह साउंड बजेगा, यह नहीं बजेगा । दोनों साइड से केस करके बैलेंस करने का काम करना, पत्थर भी हम ही खाएं और केस भी हम ही सहें, यह सारा तुष्टीकरण हो रहा है ।

मैं गृह मंत्री जी से मांग करता हूँ कि झारखण्ड में हिंदुओं के त्यौहारों पर सेन्ट्रल फोर्सेस का डिप्लॉयमेंट किया जाए । अभी 6 तारीख को रामनवमी है । अगर यह नहीं हुआ तो जिस प्रकार से झारखण्ड की सरकार चल रही है, उससे कोई बड़ा अनर्थ न हो जाए । मैं आपके माध्यम से मांग करता हूँ कि वहां पर सेन्ट्रल फार्सेस को डिप्लॉय किया जाए ।